FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

नाम अदालत जिला कलक्टर, अलवर मुकाम अलवर

उनवान बबली बनाम नायब तहसीलदार, नीमराणा

किस्म मुकदमा अपील नम्बर 15 / 74 / 2020

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.11.20	पत्रावली दिनांक 17.11.20 का अवकाश घोषित होने के कारण आज वास्ते आदेश हमारे समक्ष प्रस्तुत की गई। वकील अपीलान्ट उपस्थित। वकील अपीलान्ट द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के आदेश दिनांक 12.11.20 एवं माननीय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर के आदेश दिनांक 12.11.20 की सत्य प्रतिलिपि पेंश की गई। उक्त माननीय न्यायालयों द्वारा प्रचलित आदेशों में अपील वर्णित विवादित आराजी खसरा नम्बर 757 ग्राम मॉढण तहसील नीमराना पर विपक्ष आज के मौके व राजस्व रिकार्ड की यथास्थिति यथावत कायम रखेगें। हमनें पत्रावली एवं माननीय न्यायालयों द्वारा प्रचलित आदेशों का अवलोकन किया। चूँकि प्रकरण उक्त न्यायालयों में विचाराधीन है ओर इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में आगामी कार्यवाही किया जाना उचित नहीं समझतें है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील की कार्यवाही DROP की जाती है। अपीलान्ट माननीय न्यायालयों के निर्णय के उपरान्त यदि उचित समझते है तो वह अपील का सुनवाई हेतु पुनः निवेदन कर सकता है। पत्रावली नम्बर से कम हों। जिला कलक्टर अलवर	